## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 29.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- राज्य स्थापना दिवस को लेकर मुख्य सचिव अविनाश कुमार कर रहे हैं बैठक, कार्यक्रमों को दिया जा रहा है अंतिम रुप।
- घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने को लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ायी गयी निगरानी, नवंबर के पहले सप्ताह तेज होगा चुनाव प्रचार।
- सिमडेगा जिले के बानों में मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरे, रेल लाइन बाधित, कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित।
- चक्रवाती तूफान मोंथा का राज्य के कई हिस्सों में व्यापक असर, कल रांची, पलामू, हजारीबाग समेत 12 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।
- खूंटी जिले के झोंगो पाहन का भारतीय तीरंदाजी टीम में चयन, भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने दी बधाई।

***************

मुख्य सचिव अविनाश कुमार आज 15 और 16 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर होने वाले समारोह को लेकर बैठक कर रहे हैं। रांची में आयोजित इस बैठक में स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। स्थापना दिवस समारोह को भव्य रुप देने के लिए सभी पहलुओं पर विचार–विमर्श किया जा रहा है।

***************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने आज से सघन निगरानी शुरू कर दी है। चुनाव की घोषणा के साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर अंतर्राज्यीय और अंतर्जिला सीमाओं पर अवैध शराब, नकदी, ड्रग्स या किसी प्रकार के उपहार के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की आशंकाओं को देखते हुए झारखंड–पश्चिम बंगाल और झारखंड–ओड़िशा की सीमाओं पर उत्पाद विभाग की विशेष जांच टीमें 24 घंटे की ड्यूटी पर तैनात की गई हैं। अधिकारी और उनकी टीमें वाहनों की बारीकी से जांच कर रही हैं, ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

***************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार में जुट गये हैं। आज पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। श्री मरांडी कहा कि राहुल गांधी मुद्दाविहीन हो गये हैं।

***************

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी–मार्क्सवादी ने एसआईआर का विरोध किया। माकपा की वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने आज रांची में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर निर्वाचन आयोग की मंशा पर सवाल खड़े किये।

***************

सिमडेगा के बानो में राउरकेला–रांची मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना कनारोवां रेलवे केबिन के पास हुई, जिससे रेलवे लाइनें बाधित हो गईं। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कुछ बोगियां क्षतिग्रस्त हो गईं। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य जारी है। हादसे के कारण कई ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है।

***************

निर्वाचन आयोग ने नागरिकों के सभी प्रश्नों और शिकायतों के समाधान के लिए राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन और सभी 36 राज्यों के साथ–साथ जिला–स्तरीय हेल्पलाइन सक्रिय कर दी हैं। राष्ट्रीय संपर्क केंद्र सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए केंद्रीय हेल्पलाइन के रूप में कार्य करेगा। यह टोल–फ्री नंबर 1800–11–1950 के माध्यम से प्रतिदिन सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक संचालित होता है। निर्वाचन आयोग ने प्रत्येक राज्य, केंद्र शासित प्रदेश और जिले को अपना–अपना राज्य और जिला संपर्क केंद्र स्थापित करने के निर्देश जारी किए

हैं। आयोग ने बीएलओ के साथ बुक–ए–कॉल सुविधा भी शुरू की है। इसके इस्तेमाल से नागरिक अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

***************

कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज नई दिल्ली में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी की 14वीं किस्त का वर्चुअल शुभारंभ किया। श्री रेड्डी ने कहा कि नीलामी का उद्देश्य व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देना, विविध निवेश आकर्षित करना और व्यापक उद्योग भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि कोयला और खान मंत्रालय पहली बार नीलामी ढांचे के भीतर भूमिगत कोयला गैसीकरण पेश कर रहा है। उन्होंने कोयला शक्ति डैशबोर्ड का भी शुभारंभ किया।

***************

वस्तु और सेवा कर– जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। आज हम आपको बताएंगे कि जीएसटी की कम दरें मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा दे रही हैं। एक रिपोर्ट–

***************

चाईबासा में ब्लड बैंक की लापरवाही सामने आने के बाद राज्य के सभी ब्लड बैंकों को दुरुस्त करने की पहल की जा रही है। इसी कड़ी में गोड्डा ब्लड बैंक में नेट मशीन लगायी जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***************

चक्रवाती तूफान मोंथा का झारखंड में असर दिखने लगा है। आज सुबह से ही राजधानी रांची समेत विभिन्न जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 31 अक्तूबर तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में इस चक्रवाती तूफान का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो कल पलामू, गढ़वा, लातेहार, कोडरमा, रामगढ़, हजारीबाग, रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, बोकारो और गिरिडीह में कई स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने इस दौरान लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

***************

मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए रांची नगर निगम पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। प्रशासक सुशांत गौरव के निर्देश पर नगर निगम ने बारिश के दौरान पानी जमा होने की समस्या से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम बनाई है। साथ ही, सुपर सकर मशीन और डी–सिल्टिंग मशीन को पूरी तरह सक्रिय रखा गया है ताकि किसी भी इलाके में पानी का बहाव बाधित न हो। नालियों की सफाई का काम लगातार जारी है, जिससे शहर में जल निकासी सुचारु रहे।

***************

खूंटी जिले के झोंगो पाहन का चयन भारतीय तीरंदाजी टीम में हुआ है। इसके साथ ही वे जिले के पहले अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज बन गये हैं। 7 से 14 दिसंबर तक दुबई में आयोजित हो रहे एशियन यूथ पैरा गेम्स के लिए झोंगो पाहन अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने उन्हें बधाई दी है।

*******समाप्त********